हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

कार्यसूची

ग्यारहवां सत्र

मंगलवार, 1 मार्च, 2016/11 फाल्गुन, 1937(शक्)

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

1. **प्रश्नोत्तर:**

   (1) तारांकित:

   (i) स्थगित
   (ii) दिन के लिए } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

   (2) अतारांकित:

   (i) स्थगित
   (ii) दिन के लिए } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

2. **सदन की समिति का प्रतिवेदन :**

   श्री खूब राम, सभापति, कल्याण समिति, (वर्ष 2015-16), समिति का **23वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के चतुर्थ मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2013-14) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित करेंगे तथा सदन के पटल पर रखेंगे ।

3. **नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:**

   श्री सुरेश कुमार, " दिनांक 25 फरवरी, 2016 को पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बीधार में हुई बस दुर्घटना" से उत्पन्न स्थिति की ओर **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** का ध्यान आकर्षित करेंगे ।

4. विधायी कार्य :

सरकारी विधेयकों पर विचार-विमर्श एवं पारण

(i) **श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री,** प्रस्ताव करेंगे कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) अधिनियम, 2005 (2006 का अधिनियम संख्यांक 3) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।

हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2015
(2015 का विधेयक संख्यांक 22)

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

(ii) **श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री,** प्रस्ताव करेंगे कि हिमाचल प्रदेश आकाशी रज्जु मार्ग अधिनियम, 1968 (1969 का अधिनियम संख्यांक 7) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।

हिमाचल प्रदेश आकाशी रज्जु मार्ग (संशोधन) विधेयक, 2015
(2015 का विधेयक संख्यांक 23)

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का अनुसमर्थन तथा चर्चा:

अब **श्री अजय महाजन,** सदस्य दिनांक 25 फरवरी, 2016 को **श्री जगजीवन पाल,** सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्न धन्यवाद प्रस्ताव का अनुसमर्थन करेंगे तथा उस पर आगे चर्चा होगी:-

> **"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का, दिनांक 25 फरवरी, 2016 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, हृदय से आभार प्रकट करते हैं।"**

शिमला-171 004
दिनांक: 29 फरवरी, 2016

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव ।

*****

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)